## खबर संक्षेप

### दीनदयाल रसोई योजना के प्रभावी संचालन को लेकर जिला अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के मिनी सभाकक्ष में दीनदयाल रसोई योजना के प्रभावी संचालन को लेकर जिला अनुश्रवण समिति की बैठक ली। बैठक में नगर निगम छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहके और नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय उपस्थित थे। बैठक में नगर निगम छिंदवाड़ा सहित जिले में संचालित स्थायी एवं चलित रसोई के संचालन और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि दीनदयाल रसोई योजना के तहत जरूरतमंदों को रियायती दर पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन के निर्देशों के अनुसार योजना में स्थायी रसोई के साथ-साथ चलित रसोई का संचालन भी किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक भोजन की सुविधा पहुंच सके।

### जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 18 मार्च को

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय छिन्दवाड़ा एवं शासकीय महाविद्यालय तामिया द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन शासकीय महाविद्यालय तामिया में 18 मार्च 2026 बुधवार को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक किया गया है । रोजगार मेले में 16 कंपनियां उपस्थित रहेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, समग्र आई.डी. (अनिवार्य) एवं संपूर्ण डॉक्यूमेंट/रिज्यूम के साथ निर्धारित तिथि व समय पर संस्था में उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए श्री शैलेश मिश्रा के मोबाइल नंबर-9584444086 से संपर्क किया जा सकता है। जिला रोजगार अधिकारी सुश्री माधुरी भलावी ने बताया कि रोजगार मेले में मेले में शामिल कंपनियों में हाईली इलेक्ट्रिकल अप्लायंसेज इंडिया प्रायवेट लिमिटेड, गुजरात द्वारा ऑपरेटर (पुरुष) पद के लिए 10वीं से 12वीं उत्तीर्ण, आईटीआई अथवा डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा, आयु सीमा 18 से 30 वर्ष तथा वेतनमान 14500 से 21000 रुपये रहेगा। याजाकी इंडिया प्रायवेट लिमिटेड, गुजरात द्वारा असेंबली ऑपरेटर (महिला, पुरुष) पद हेतु 10वीं से 12वीं उत्तीर्ण, आईटीआई, डिप्लोमा धारकों के लिए 18 से 30 वर्ष आयु सीमा के साथ 18133 से 18826 रुपये वेतनमान दिया जाएगा।

## यूपी की तर्ज पर पीले पंजे की कार्रवाई देखने उमड़ी भीड़

# पीपल तरु हनुमान मंदिर की जमीन से हटाया अतिक्रमण

## तहसीलदार की कार्रवाई से भूमाफियाओं में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में सैकड़ों हेक्टेयर सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण किए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। स्थिति यह है कि कुछ प्रभावशाली लोगों को गरीबों के साथ पट्टे भी मिल गए हैं, लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब धार्मिक स्थलों की जमीन पर भी कब्जा करने से पीछे नहीं हट रहे हैं।इसी तरह का एक मामला तामिया के पीपल तरु हनुमान मंदिर का सामने आया, जहां मंदिर की छत पर ही एक अतिक्रमणकारी ने कब्जा कर नीम हकीम का दवाखाना




संचालित करना शुरू कर दिया था। इस अवैध कब्जे के कारण मंदिर में पूजा-अर्चना करने आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इतना ही नहीं, मंदिर की परिक्रमा करने के लिए बनी जगह भी इस कब्जे के कारण बंद हो गई थी, जिससे श्रद्धालुओं में काफी आक्रोश था।मोहल्ले के लोगों ने इस पूरे मामले की शिकायत तामिया तहसीलदार से की थी। शिकायत मिलने के बाद तहसीलदार प्रकाश परते ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।सोमवार को तहसीलदार प्रकाश परते, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी लक्ष्मीकांत वर्मा सहित पूरा राजस्व अमला बुलडोजर लेकर पीपल तरु हनुमान मंदिर पहुंचा। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए मंदिर परिसर को कब्जे से मुक्त कराया।कार्रवाई के दौरान यह भी सामने आया कि बागची बंगाली दवा खाना नाम से एक दवाखाना अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था, जहां बिना अनुमति के उपचार किया जा रहा था। तहसीलदार ने इस अवैध दवाखाने को भी सरकारी जमीन से तत्काल हटाने के निर्देश दिए।राजस्व विभाग की इस सख्त कार्रवाई के बाद नदी-नालों और अन्य सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि तामिया के आंतरिक मार्गों के साथ-साथ मुख्य मार्गों पर भी जल्द ही अतिक्रमण हटाने की व्यापक कार्रवाई की जाएगी।आज राजस्व विभाग के पीले पंजे की कार्रवाई से मंदिर की भूमि अतिक्रमण मुक्त हो गई, जिससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की मुक्त कंठ से सराहना की।

## पुलिस ने दर्ज किया मामला

## चौरई के समसवाड़ा में पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो बीच सड़क पर ही मचा बबाल दोनों ही पक्ष के लगभग आठ लोग घायल पुलिस ने दोनों ही पक्ष के लोगों के ऊपर मामला कायम किया। रविवार चौरई थाना के अंतर्गत कपूरदा चौकी क्षेत्र में ग्राम समसवाड़ा सिवनी छिंदवाड़ा हाईवे पर पैसे के लेने देन को लेकर दो पक्षों में आपस में जमकर खूनी संघर्ष शुरू हो गया।

जब दोनों ही पक्षों के बीच विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया था जिसे लेकर बीच सड़क पर ही गांव के ही एक पक्ष हिमांशु साहू वहीं दूसरे गुट के मोहित साहू के बीच लाठी-डंडे चलने लगे दोनों ही पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया इस घटना में दोनों ही पक्ष के दोनों तरफ से करीब आठ लोगों के घायल होने की खबर है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में सामने आया है, जिसमें दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करते हुए दिखाई दे रहे है।

सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है इस झगड़े का मुख्य कारण मोहित साहू द्वारा हिमांशु साहू की गोदाम पर कब्जा करना व चेक संबंधित पैसों का लेनदेन बताया जा रहा है। पैसों के लेन-देन को लेकर गोदाम खाली करने से पहले कहासुनी हुई, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला शांत कराया और दोनों ही गुटों के लोगों पर काउंटर केस दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है फिलहाल घायलों का इलाज जारी है और पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर जांच कर रही है!

## ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायण की अध्यक्षता में नगर निगम एवं जिले के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्री सी.पी. राय सहित जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री नारायण ने निर्देश दिए कि जिन नगरीय निकायों में वर्तमान में पानी की कमी की समस्या है अथवा आगामी महीनों में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है, वे अभी से आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए जल स्रोतों, पाइपलाइन व्यवस्था तथा टैंकरों की उपलब्धता का पूर्व आकलन कर आवश्यक प्रबंध कर लिए जाएं।

कलेक्टर श्री नारायण ने यह भी कहा कि यदि आवश्यकता हो तो नगरीय निकाय जल संसाधन विभाग तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर पानी की आपूर्ति बढ़ाने की व्यवस्था करें, ताकि नागरिकों को गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि भविष्य में पेयजल एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए नगरीय निकाय अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने की दिशा में भी कार्य करें और अपने खर्चों को नियंत्रित करें। आवश्यकता पड़ने पर जल कर अथवा संपत्ति कर में संशोधन कर निकाय की आय बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है, जिससे निकायों के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों और जनता की समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके।

## खैरी भोपाल की सरकारी जमीन पर अवैध मकान निर्माण के लिए वार्ड प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी आयुक्त नगर निगम छिंदवाड़ा श्री सी. पी.राय, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री पी. राजौदिया सहित जिला प्रशासन व सभी विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त सभी एसडीएम और विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।

बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, जनआकांक्षा, न्यायालयीन प्रकरणों तथा विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने सभी शिकायतों एवं पत्रों का समय सीमा के अंदर एवं शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न अंतर्विभागीय विषयों पर भी चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को बेहतर आपसी समन्वय में रहते हुए समय सीमा में कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। नगर निगम छिंदवाड़ा से जुड़े समय सीमा के प्रकरण में कलेक्टर श्री नारायन ने खैरी भोपाल पहाड़ मद को सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध मकान निर्माण के लिए वार्ड प्रभारी को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण में राजस्व एवं निगम के संयुक्त दल द्वारा अतिक्रमण हटा दिया गया है।

### परासिया में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् सीएम सी एल डीपी एमएस डब्ल्यू एवं बी एस डब्ल्यू की संपर्क कक्षा में श्री अखिलेश जैन विकासखंड समन्वयक श्री संजीव भांवरकर के दिशा निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के सम्मान में महिला दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिले के समाज सेवी सतीश नागवंशी जी उपस्थित हुए एवं साथ ही प्रोफेसर डॉ.पवन नाग जी के उपस्थिति में समस्त मेंटर, नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति के सदस्य एमएसडब्ल्यू एवं बी एस डब्ल्यू छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम व्याख्यान गीत का आयोजन किया साथ ही महिला सम्मान पुष्प वर्षा से किया गया एवं सभी महिलाओं को पेन, डायरी देकर सम्मानित किया गया आभार मेंटर श्रीमति नमिता सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में श्री संजीव भांवरकर मेंटर श्री शंकर राम प्रजापति, मनीष कैथवास, श्री रुपेश सूर्यवंशी श्री पंकज अम्बेदास उपस्थित रहे।



### कम वजन बालिकाओं के लिये कार्यशाला 6 माह मे लक्ष्य पूरा करने का संकल्प

**परासिया।** ग्राम पंचायत भमोडी ने ग्राम की समस्त कम वजन की किशोरी बालिकाओ के लक्ष्य अनुसार स्तर मे सुधार करने का संकल्प व्यक्त किया है इस संबंध मे सोमवार को कार्यशाला आयोजित कर बालिकाओ तथा उनके माता पिता के साथ डायटिशियन, चिकित्सको ने विचार विमर्श किया। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत भमोडी ने अपने स्तर पर 11 से 18 वर्ष आयु वर्ग की कम वजन की चिन्हित 35 बालिकाओ के स्तर मे 6 माह के भीतर सुधार करने का संकल्प लिया है जिसके लिये पिछले दो माह से काम किया जा रहा है इस कार्य मे आशा तथा आंगनवाडी कार्यकर्ता नियमित मानिटरिंग कर रही है। सोमवार को कार्यशाला मे मेडिकल आफिसर डा सुधा बक्शी, पोषण पुर्नवास केन्द्र की प्रभारी डा प्रीति लांबा, डा स्मृति चौरसिया, कल्पना चौहान, सीएचओ सोनू रावतेल ने बालिकाओ तथा उनके माता पिता को जानकारी प्रदान की।

## जनता की जीतः पुलिस प्रांगण में बनेगा पांढुर्णा का कलेक्टर कार्यालय, कलेक्टर वशिष्ठ के प्रयास लाए रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



पांढुर्णा जिले के कलेक्टर कार्यालय के निर्माण को लेकर चल रहा विवाद अब समाप्त हो गया है। लंबे समय से चल रहे जनसंघर्ष और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अब कलेक्टर कार्यालय का निर्माण स्थानीय पुलिस थाना प्रांगण में किया जाना तय हो गया है। सोमवार को कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, एसडीएम अलका एक्का तथा मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के अधिकारियों ने पुलिस प्रांगण का निरीक्षण कर प्रस्तावित स्थान का जायजा लिया।




निरीक्षण के दौरान इस बात पर विचार किया गया कि कलेक्टर कार्यालय परिसर में किस दिशा और किस स्थान पर बनाया जाना अधिक उपयुक्त रहेगा। इस अवसर पर एसडीओपी ब्रजेश भार्गव, तहसीलदार विनय ठाकुर, थाना प्रभारी अमीत दानी तथा आरआई अनीता सिवडे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर वशिष्ठ ने जनता से किया संवाद

उल्लेखनीय है कि लगभग छह माह पूर्व अमरावती रोड पर कलेक्टर कार्यालय प्रस्तावित किया गया था। लेकिन पांढुर्णा, सौंसर, नांदनवाड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों की जनता ने इस स्थान को आम नागरिकों के लिए असुविधाजनक बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया था। विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों ने लगातार प्रदर्शन और ज्ञापन देकर इस प्रस्ताव को बदलने की मांग की थी। इसी दौरान जिले में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की पदस्थापना हुई। उन्होंने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और शहरवासियों से सीधे संवाद कर जनभावनाओं का आकलन किया। इसके बाद उन्होंने भोपाल स्तर पर लगातार प्रयास कर अमरावती रोड के प्रस्तावित स्थान को बदलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### प्रशासनिक अधिकारियों के बीच तालमेल बेहतर होगा

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना प्रांगण में पहले से ही जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए भूमि आवंटित है, वहीं पुलिस कम्युनिकेशन सेंटर का निर्माण भी जारी है। कलेक्टर वशिष्ठ का कहना है कि कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय दोनों ही जिले के महत्वपूर्ण प्रशासनिक केंद्र हैं। यदि दोनों कार्यालय एक ही परिसर में होंगे तो प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समन्वय और कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी हो सकेगी। जनता की मांग और प्रशासनिक पहल के बाद अब पांढुर्णा में कलेक्टर कार्यालय के लिए पुलिस प्रांगण को अंतिम रूप दिए जाने से क्षेत्रवासियों में संतोष और खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

## जुआ खेलते 11 जुआरियों को दबोचा

### चाँद थाना प्रभारी ने की कार्यवाही, 51 हजार 200 रूपए भी बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



चाँद थाना प्रभारी राकेश बघेल के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन व अपने विश्वसनीय थाना बल के माध्यम से दिन दर दिन जुआ सट्टा घरों पर दबिश देकर कार्यवाही की जा रही जिससे जनता और ग्राम वासियो ने राहत की सांस ली। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चांद पुलिस द्वारा सोमवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम मेघदौंन में खेत के पास में 11 आरोपियों को रंगे हाथों रूपये पैसों का जुआं खेलतेहुये पकड़ा गया।

पकड़े गये आरोपियों में संदीप पिता मुन्ना सातनकर उम्र 36 साल निवासी ग्राम नीलकंठीकला थाना चांद, कैलाश पिता सुभाष कोलारे उम्र 35 साल निवासी परसगांव थाना चांद, संदीप पिता बलराम सिंह रघुवंशी उम्र 37 साल निवासी मेघदौन थाना चांद, अंकित पिता राजकुमार रघुवंशी उम्र 32 साल निवासी बांकानागनपुर थाना चौरई, नेपाल पिता सावन्या ढोके उम्र 35 साल निवासी चांद थाना चांद, रमनहरि पिता धुन्नुलाल कवरेती उम्र 42 साल निवासी मेघदौन थाना चांद, चंदू पिता गौतम सिंह रघुवंशी उम्र 30 साल निवासी मेघदौन थाना चांद, सोनू पिता उमाशंकर तिवारी उम्र 45 साल निवासी शिवनगर कालोनी छिंदवाड़ा,शाहरुख पिता फिरोज खान उम्र 27 साल निवासी जनता कालोनी थाना कुण्डीपुरा, धनवीर पिता विपतगिरी गोस्वामी उम्र 42 साल निवासी नीलकंठीकला थाना चांद, फूलवानशा पिता संतराम कवरेती उम्र 36 साल निवासी खमारपानी थाना बिछुआ । जिला छिंदवाडा को रंगे हाथों जुंआ खेलते पकडे गये है । आरोपियों के पास तथा फड से 51200 रू. की राशी 12 मोबाइल फोन, दो मोटर सायकल कुल मशरूका 2,20,000 जप्ती की गई है।

आरोपियों के विरूद्ध 13 जुआं एक्ट , 49 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी चांद राकेश बघेल, सउनि एल पी गुप्ता,आर. नीरज बघेल की भूमिका रही।

## सैकड़ों गरीब, जरूरतमंद परिवारजनों को राशन वितरण




**छिंदवाड़ा.** राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के संरक्षक सासंद विवेक ( बंटी ) साहू , राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार एडवोकेट पुरुषोत्तम गुप्ता , राष्ट्रीय अध्यक्ष आर. के. शहवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू के मार्गदर्शन में जिला इकाई द्वारा संत शिरोमणि माता कर्मा जी की जयंती पर सैकड़ों परिवारजनों को राशन किट भेंट की गई । जिले भर के साहू समाज से जुड़े सैकड़ों लोगों ने माता कर्मा की वैदिक रूप से पूजा अर्चना कर कर्मा जयंती हर्षोल्लास मनाई ।उक्त महासभा ट्रस्ट वर्ष भर तेली सामाज के लोगों को जोड़कर , सामाजिक कुरीतियों से अवगत कराकर सभी को जनहितैषी सेवाकार्यों के लिए प्रेरित करता है । दहेज प्रथा , खर्चीली शादी , मृत्यु भोज जैसे आयोजनों का विरोध कर , देशसेवा जैसे सेवाकार्यों के लिए प्रेरित करता है । साथ ही तेली समाज के अन्य संगठनों के आयोजनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं ।यह कार्यक्रम खामारपानी के आदिवासियों क्षेत्रों में सम्पन्न कराया गया है जहाँ सभी जरूरत मदो को भोजन प्रसादी भी वितरित की ।इस सेवा कार्य में राष्ट्रीय पिछड़ा वैश्य महा सभा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष भगवानदीन साहू , ओमी साहू , दिलीप साहू , राधेश्याम साहू ( हरिओम होजरी ), नितेश साहू , अमित साहू , प्रकाश साहू , पवन साहू ( हर्रई) मनोज साहू ( चौरई ) पंकज साहू , सतीष साहू ( दमुआ ) मनोज साहू , ( बिछुआ ) सुभाष साहू , हरीश साहू ( बोरदेही ) , श्रीमति छाया साहू ,हर्षवर्धन साहू ( मातृ छाया सदन ) आदि ने सहयोग किया ।

### वन अमले की जगह पहुंचे चौकीदार, माँ की मौत के बाद भी अलग नहीं हुआ बच्चा

## वाहन टक्कर से मादा बंदर की मौत, बच्चे को लेकर तड़पती रही मां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया रेंज में इन दिनों वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। रिहायशी इलाकों से लगे जंगलों में हिंसक और अन्य वन्य प्राणियों की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। कई बार पालतू पशुओं के शिकार की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग के नाकेदार अपने नाकों पर नियमित रूप से निवास नहीं करते, जिसके कारण वन क्षेत्र की निगरानी कमजोर हो गई है।वन विभाग की लापरवाही का एक और मामला सोमवार दोपहर तामिया के जुन्नारदेव तिराहे पर देखने को मिला। यहां एक मादा बंदर अपने छोटे बच्चे के साथ सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी



भीषण थी कि मादा बंदर की मौके पर ही मौत हो गई।इस दर्दनाक घटना में मां की ममता का मार्मिक दृश्य भी देखने को मिला। घायल मादा बंदर का छोटा बच्चा अपनी मां के गले से लिपटा रहा और लोगों के काफी प्रयासों के बावजूद वह मां से अलग होने को तैयार नहीं था। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों को भावुक कर गया।

घटना के लगभग एक घंटे बाद तामिया के नागरिक बसंत मालवीय ने वन विभाग के नाकेदार और रेंजर को फोन कर मादा बंदर की मौत और उसके घायल बच्चे की सूचना दी। लेकिन सूचना दिए जाने के बाद भी काफी देर तक वन विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इस दौरान राहगीर और आसपास के लोग घटना स्थल पर खड़े होकर पूरा नजारा देखते रहे और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते रहे।काफी देर बाद केवल दो चौकीदार बोरा लेकर मौके पर पहुंचे और मृत मादा बंदर तथा उसके घायल बच्चे को बोरे में डालकर मोटरसाइकिल से उपचार के लिए ले गए। जब वहां मौजूद लोगों ने चौकीदारों से वन विभाग के वाहन के बारे में पूछा, तो उन्होंने बताया कि वन प्रहरी का वाहन सेहराढाना गया हुआ है। इस पूरे घटनाक्रम ने वन विभाग की कार्यशैली और वन्य प्राणियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर वन अमला मौके पर पहुंचता तो घायल बच्चे को बेहतर इलाज मिल सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में वन विभाग की लापरवाही चर्चा का विषय बनी हुई है।

## पंचायत की लापरवाही पर फूट रहा ग्रामीणों का गुस्सा

# प्यासी सिंगोड़ी: करोड़ों खर्च, फिर भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिंगोड़ी

गर्मी की अभी महज़ दस्तक हुई है और सिंगोड़ी में जल संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया है। हालत यह है कि गाँव की आधी आबादी को नलों से पानी हफ्ते में एक बार मिल रहा तो वही आधे गांव को 20 से 25 दिनों बामुस्किल पानी नसीब हो रहा है ऐसे में यह कहना ठीक होगा की सिंगोड़ी वासियों को बूंद-बूंद पानी के लिए सिस्टम तरसा रहा है।

ग्राम पंचायत सहित पीएचई विभाग की इस घोर लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हैरानी की बात यह है कि शासन ने क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगभग 3 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। पेंच नदी में इनटेक वेल और सिंगोड़ी में फिल्टर प्लांट बनाया हुआ है जिसमें पर्याप्त पानी उपलब्ध है। तथा इलाके में कई बोर है कुआ है इसके बावजूद तकनीकी खामियों या प्रबंधन की कमी के चलते ग्रामीणों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इतना भारी-भरकम बजट खर्च होने के बाद भी जनता प्यासी क्यों है?

### सिंगोड़ी में जल निगम का करोड़ों का बजट, ना पाइप बिछी न पानी टंकी बनी

सिंगोड़ी में पेयजल संकट का एक बड़ा कारण जल निगम और निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही है। वर्तमान में शासन द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से नल-जल योजना का विस्तार किया जा रहा है, लेकिन धरातल पर काम की रफ़्तार कछुआ चाल से भी धीमी है। ग्रामीणों का आरोप है कि न तो अब तक पानी की नई टंकी का निर्माण पूरा हुआ है और न ही मोहल्लों में पाइपलाइन का सही विस्तार किया गया है। निर्माण एजेंसी की इस लेटलातीफी के कारण आधी बस्ती आज भी प्यासी खड़ी है।ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल आपूर्ति को लेकर अगर जल निगम जल्द काम पूरा करदे दो सिंगोड़ी के करीब नौ हजार ग्रामीण पानी को न तरसे। वही ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से नियमित जल प्रदाय करने की मांग की है।



### पूर्व कार्यकाल की याद दिला रही बदहाली

वर्तमान अव्यवस्था को देख ग्रामीण पूर्व सरपंच योगेश यादव और कैलाश साहू के कार्यकाल को याद कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उस दौर में भीषण सूखे के बावजूद कभी पानी की किल्लत नहीं हुई। पूर्व सरपंच गर्मी शुरू होने से पहले ही मुस्तैद रहते थे और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करते थे। उस समय स्थिति ऐसी थी कि पंचायत को फोन करके नल बंद करने के लिए कहना पड़ता था, और आज स्थिति यह है कि जनता पानी के इंतज़ार में रतजगा कर कुआ और बस्ती के बाहर से बोर से पानी लाने को मजदूर है।

### पंचायत और पीएचई विभाग की पल्ला झाड़ो' नीति

पूर्व में समय सीमा की बैठक में जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी पूर्व नल-जल योजना की सभी खामियां दूर कर ली जाएं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। ग्राम पंचायत और पीएचई विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय बोर सूखने का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ रहे हैं। जबकि ग्रामीण साफ तौर पर इसे प्रशासनिक विफलता मान रहे हैं।जब इस गंभीर समस्या को लेकर वर्तमान सरपंच से संपर्क किया गया तो उन्होंने हमेशा की तरह संसाधनों की कमी का रोना रोया। सरपंच का कहना है कि जल स्रोत सूख चुके हैं और अप्रैल में दो नए बोरवेल होने के बाद ही आपूर्ति बहाल हो पाएगी। सवाल यह उठता है कि क्या तब तक जनता प्यासी रहेगी? क्या पंचायत के पास कोई वैकल्पिक इमरजेंसी प्लान नहीं है या जनता से कोई लेना देना नही।

### बेरड़ी स्वास्थ्य केंद्र में समय पर नहीं मिल रहा इलाज, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत



**सौंसर।** ग्राम पंचायत बेरड़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सक की कार्यप्रणाली से त्रस्त होकर रविवार को पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर निर्धारित समय पर अस्पताल नहीं पहुँचते हैं, जिससे मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर को सोपे, ज्ञापन में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती संगीता गावंडे विट्ठल गायकवाड ने बताया कि डॉक्टर प्रतिदिन दोपहर 2 से 3 बजे के बीच स्वास्थ्य केंद्र पहुँचते हैं। सुबह के समय जब मरीजों को उपचार की सख्त जरूरत होती है, तब डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को निजी अस्पतालों या शहर की ओर रुख करना पड़ता है। इससे गरीब ग्रामीणों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में कई बार कार्यालय ग्राम पंचायत बेरड़ी में ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई।अनुविभागीय अधिकारी सौंसर को लिखित एवं मौखिक रूप से सूचित किया गया। बावजूद इसके, अब तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयो की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ और न ही प्रशासन द्वारा कोई ठोस निराकरण किया गया। उप-सरपंच बंडू गुर्वे, पंच सुरेश राऊत, रमेश ठाकरे,संध्या सिरसे ने सामूहिक रूप से डॉक्टर के विरुद्ध मोर्चा खोला। जिला अधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आश्वासन दिया है कि जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी और स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाया जाएगा।

### पंचशील बुद्ध विहार में धम्म ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न

**मोहगांवहवेली।** क्षेत्र में धम्म के प्रचार-प्रसार और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से बोधिसत्व विकास समिति एवं बुद्ध धम्म प्रचार समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य 'धम्म ज्ञान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।पंचशील बुद्ध विहार, ढोकडोह में आयोजित इस प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं सहित महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।कठिन स्पर्धा के बाद श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया,जिंसमे प्रथम पुरस्कारः आयु. सूरज ज्ञानेश्वर शेंडे द्वितीय पुरस्कारः आशीष चिंधबा सहारेतृतीय पुरस्कारः प्रतीक्षा विक्रांत जामगडे चतुर्थ पुरस्कारः आयु. उज्वला नागसेन सहारे को दिया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वाय.एल. ठवरे,मुरलीधर कामडे गुरुजी, देवेन्द्र बागड़े, सुरेश ढुफारे, वनिता वाहने और ललिता ढुफारे ने भी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया और धम्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। आयोजन में हर्ष सहारे, भारती शेंडे, प्रज्ञा सोमकुंवर, निकिता सहारे, सुरेखा शेंडे और अनिकेत सहारे सहित अनेक धम्म प्रेमी उपस्थित थे।

### श्रीराम मंदिर में होगी 'नर्मदेश्वर शिवलिंग' की स्थापना

**सौंसर।** नगर के वार्ड नं. 15, खडतकर कॉलोनी स्थित श्रीराम मंदिर में आगामी दिनों में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। मंदिर परिसर में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से लाए गए अत्यंत शुभ त्रिनेत्रधारी नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना का ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है।मंदिर कमेटी से मिली जानकारी के अनुसारनर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना 25 अप्रैल को सुबह विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ श्रीराम मंदिर परकोटे में संपन्न होगी। इस पावन अवसर पर मंदिर में जटायु जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। श्रद्धालुओं के बीच विशेष प्रसादी का वितरण किया जाएगा।मंदिर समिति द्वारा 26 मार्च को श्री राम जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा,साथ ही 2 अप्रैलः हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भी महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के कुशल संचालन और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु महिलाओं द्वारा 'सीताराम महिला मंडल' का गठन किया गया है। अध्यक्ष श्रीमती आशालता राजुरकर,उपाध्यक्षः श्रीमती संगीता अढाऊ, सचिवः श्रीमती सरिता पाण्डेय,कोषाध्यक्षः श्रीमती नीलिमा अढाऊसंरक्षक समितिः श्रीमती प्रमिला दुबे, श्रीमती वाडेकर,आदि का समावेश है।सीताराम महिला मंडल एवं मंदिर समिति ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी जनता और श्रद्धालुओं से अपील की है।

## शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में अंतरपीढ़ी गत समन्वय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बिछुआ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.) में सतपुड़ा विधि महाविद्यालय, मोहन नगर छिन्दवाड़ा के सहयोग से राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान, नई दिल्ली (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा प्रायोजित "**One Day Awareness / Sensitization Programme on Promoting Intergenerational Bonding with College Students**" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में सम्पन्न हुआ, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अंतरपीढ़ीगत समन्वय के महत्व से अवगत कराया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन एवं वंदना के साथ किया गया। प्रथम सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के प्राचार्य एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. आर. पी. यादव ने विद्यार्थियों को अंतरपीढ़ीगत समन्वय स्थापित करने के उपायों तथा वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।द्वितीय सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. फरहत मंसूरी ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों एवं विधिक जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि समाज के वरिष्ठ नागरिक युवाओं के साथ किस प्रकार बेहतर समन्वय स्थापित कर सकते हैं तथा युवा वर्ग उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. नोखेलाल साहू, डॉ. दिनेश वर्मा, श्री सूर्यकान्त शुक्ला, श्री मनीष कुमार ठाकुर, श्री दुजारी बोसम, श्री आकाश अहाके एवं श्री राम प्रकाश डेहरिया उपस्थित रहे।



## श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई माँ कर्मा देवी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुन्नारदेव



साहू समाज की आराध्य देवी, भक्त शिरोमणी माता कर्मा देवी की जयंती श्रद्ध भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई आज 16 मार्च को माता कर्मा देवी के जयंती के अवसर पर जुन्नारदेव नगर साहू मोहल्ला स्थित संतोषी माता मंदिर स्थित में सुबह से माता की पूजा अर्चना में भक्ति भाव के साथ श्रद्धालु आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए तथा भंडारे का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। जयंती के उपलक्ष्य में साहू समाज द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा बैण्ड-बाजो के साथ शहर के साहू मोहल्ले से शुरू हुई जिसमें हजारो की संख्या में श्रद्धालु महिलाए,युवक युवतियां उत्साह पूर्वक नाचते हुए मां के जयजयकारे करते हुए नजर आए। भजन और जय जयकारो से नगर गूंज उठा। साहू मोहल्ला से शुरू हुई शोभा यात्रा श्याम प्रसाद मुखर्जी चौक,गांधी चौकी,हनुमान मंदिर होते हुए सब्जी मंडी से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए कर्मा चौक पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का इस दौरान जगह-जगह लोगो द्वारा स्वागत किया गया तथा माँ की झांकी की आराधना भी की गई। शोभायात्रा सहित जयंती के आयोजन में साहू समाज के अध्यक्ष सतीश साहू, सचिव अनिल साहू, मनीष बंटी साहू, हरीश साहू, पप्पू साहू, यशदीप साहू, योगेश साहू, विजू साहू, गजान साहू, अरुण साहू,कैलाश साहू आदि मौजूद रहे।

## कोयलिखापा में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बैहर के सेक्टर-5 कोयलिखापा स्थित ग्राम पंचायत भवन में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर स्वैच्छिक भागीदारी, स्वावलंबन और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करना रहा।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी श्री शिवनाथ यादव विकासखंड समन्वयक महेश पटले नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम जन विकड समिति के अध्यक्ष श्री अमित पाटिल नवांकुर संस्था युग शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष श्री मति मंजुलता चौधरी व परामर्शदाता भंवर सिंह मेरावी सहित प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी, सदस्य और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रस्फुटन समितियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले ने कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां शासन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रही हैं। इन समितियों का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने समितियों की कार्यप्रणाली, अवधारणा और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए नशा मुक्त गांव का निर्माण, शिक्षा एवं संस्कार का प्रसार, स्वदेशी को बढ़ावा, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती का प्रचार, स्वैच्छिकता, स्वावलंबन तथा जनभागीदारी से विकास कार्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। मुख्य प्रशिक्षक श्री शिवनाथ यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की समग्र अवधारणा तथा प्रशिक्षण के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गांवों में स्वरोजगार, लघु एवं कुटीर उद्योग तथा कला-कौशल विकास को बढ़ावा देने पर अपने विचार व्यक्त किए। नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री अमित पाटिल ने स्वैच्छिक संस्थाओं के गठन एवं उनके प्रभावी प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। परामर्शदाता श्री भंवरसिंह मेरावी ने परिषद की परिकल्पना, स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवं उसके विभिन्न चरणों की जानकारी दी। वहीं श्रीमती मंजुलता चौधरी ने प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया। ग्राम के विकास के लिए नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों का पूर्ण सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के संयुक्त प्रयासों से ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर ग्राम की प्रस्फुटन से श्री मति सुदामा भासन्त इंदु धरवैया यमुना सोनवाने चतुर सिंह श्री मति चमेली आंधवाने सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### कोष्टी समाज के तीन युवकों का सहायक लोको पायलट में हुआ चयन

**वारासिवनी।** व्यक्ति चाहे तो अपने जीवन में बड़ी से बड़ी मुकाम हासिल कर सकता है। अगर उसने अपने जीवन में मेहनत कर ली, तो उसे सफलता जरूर हासिल होती है। चाहे कठिनाई कितनी भी रहे, अपने मंजिल तक पहुँच ही जाता है। ऐसे ही कड़ी संघर्ष के बाद वारासिवनी नगर के कोष्टी समाज के तीन युवकों ने सफलता हासिल की है।

वारासिवनी नगर के वार्ड 11 हैदराबाद मोहल्ला निवासी राहुल पिता सुखदास गोखले और अभिषेक पिता नरेश गोखले का रेल विभाग में लोको पायलट के पद पर चयन हुआ है। वहीं रितिक पिता भोला बुरडे ने ग्रुप डी में सफलता हासिल की है। तीनों ही युवकों का विधायक विवेक विक्की पटेल ने जनसंपर्क कार्यालय में मिठाई खिलाकर व शाल श्रीफल से सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। इस दौरान राहुल गोखले ने कहा कि ये मेरी 6 वर्षों की मेहनत है। मेरा एक बार और असिस्टेंट लोको पायलट में चयन हुआ था। मगर किसी कारणवश मेरिट लिस्ट से बाहर हो गया था। मै 8-10 घंटे पढ़ाई करता था। मै सभी से कहना चाहता हूँ कि मेहनत करते रहे, हमेशा सफलता मिलती है। विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमारे क्षेत्र के लिए बड़े हर्ष की बात है कि लगातार हमारे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं का शासकीय नौकरी में चयन हो रहा है।

## बाईपास में मिट्टी के ढेर से हुआ सड़क हादसा

### एमपीआरडीसी के साइड सोल्डर खुदाई कर सड़क पर फेंकी जा रही मिट्टी

**कटंगी।** कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज से लेकर भालवा नाले के बीच और खजरी-खमरिया बाईपास पर बीते एक पखवाड़े से लगातार सड़क हादसे की घटनाएं हो रही है। इन हादसों की वजह सड़क पर फैली मिट्टी और मिट्टी के वह ढेर है, जिसे एमपीआरडीसी के द्वारा बनाई गई सड़क के साइड सोल्डर की खुदाई करने के बाद सड़क पर फेंका जा रहा है। दरअसल, मिट्टी की ढेर की चपेट में आने से रविवार की देर शाम करीब साढ़े 08 बजे बाइक सवार तीन बालक घायल हुए है। जिनमें दो को अधिक चोट आई है और दोनों को सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। हादसे के बाद गश्त कर रही डायल 112 में पदस्थ पुलिस कर्मचारी मनोज पटेल ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पूरी घटना की जानकारी वरिष्ट अधिकारियों को दी। घायलों की पहचान शिवम पिता राजेश परिहार निवासी बोथवा, अंकित पिता सुनील पटले निवासी ग्राम बीसापुर के रूप में हुई। वहीं अन्य तीसरे बालक को मामूली चोट आई है। सड़क हादसे के बाद जब घायलों को अस्पताल लाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने एक बालक को रेफर करने की कार्रवाई की तो घायल को जिला अस्पताल ले जाने के लिए परिजनों को एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिली। जिससे वह बिफर पड़े कुछ देर शोर करने के बाद प्राइवेट वाहन से स्वयं के वहन पर वह घायल को बालाघाट लेकर गए।

**साइड सोल्डर की खुदाई पर एमपीआरडीसी मौन-** मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना का कार्य करने वाली दतिया की कंपनी के कर्मचारी पाइप लाइन का विस्तार करने के लिए अवैध तरीके से बाईपास और मुख्य सड़क मार्ग पर साइड सोल्डर की खुदाई कर रहे है। खुदाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी को सड़क पर फेंका जा रहा है। खास बात यह है कि ठेकेदार ने साइड सोल्डर की खुदाई के लिए एमपीआरडीसी विभाग से कोई अनुमति नहीं ली लेकिन फिर भी विभाग के अधिकारी मौन है। इस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी दीपक आड़े को तस्वीरें भेजकर पूर्व में ही अवगत करवाया गया था किंतु उन्होंने तो अपनी आंखों में धृतराष्ट की तरह पट्टी बांध रखी है। बताना जरूरी है। कि विगत दिनों कटंगी बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग में सड़क पर बिछी मिट्टी से एक बाइक फिसल गई थी और एक सड़क हादसे के प्रत्यक्षदर्शी स्वयं क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी बने थे। उन्होंने सड़क हादसे को देखने के बाद नगर परिषद उपयंत्री राजेश चौकसे को कड़े शब्दों में सड़क से मिट्टी हटाने कहा था तब जाकर कटंगी बोनकट्टा सड़क मार्ग की मिट्टी हटी थी। परंतु अब बाईपास में जगह-जगह मिट्टी के ढेर दिखाई दे रहा है।

### राष्ट्रीय मीन्स छात्रवृत्ति परीक्षा में तुलसी ने ब्लॉक में प्रथम और जिले में हासिल किया तीसरा स्थान



**कटंगी।** मेहनत और लगन से बड़े से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है, इसे सच कर दिखाया शासकीय माध्यमिक शाला कलगांव कटंगी की छात्रा तुलसी पटले ने। राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 के परिणामों में तुलसी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बालाघाट जिले में तृतीय स्थान और कटंगी ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। तुलसी के पिता शांतिलाल पटले पेशे से किसान हैं। एक साधारण किसान परिवार से आने वाली तुलसी बचपन से ही मेधावी रही हैं। अपनी इस बड़ी उपलब्धि के पीछे उनकी कड़ी मेहनत है, वे प्रतिदिन सतत 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थीं। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने माता-पिता के मार्गदर्शन और गुरुजनों के सही दिशा-निर्देश को दिया है।

#### शिक्षा विभाग और शिक्षकों ने दी बधाई

तुलसी की इस सफलता पर कटंगी ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुशराम, बीआरसी हरिनखेड़े, शाला के प्रधान पाठक एवं जनशिक्षक रविन्द्र पटले सहित स्कूल के समस्त शिक्षकों ने छात्रा को बधाई देकर आगे बढ़ने का हौसला बढ़ाया।

## क्या फिर गौरा की हो गई हत्या?

### पिछले डेढ़ माह से जंगल से लापता है गौरा बाघिन व उसका एक बच्चा

**वारासिवनी।** तहसील मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित सोनेवानी कंजर्वेशन रिजर्व में फिर एक बार चौंकाने वाला मामला सामने आ रहा है। बताया जाता है कि इस जंगल की शान चार बच्चों के साथ पर्यटकों का मन मोहने वाली एक मां गौरा मादा बाघ विगत डेढ़ माह से लापता है, साथ ही उसके साथ एक बच्चा भी हैं, जो दिखाई नहीं दे रहा है। ज्ञात हो कि जंगल की आन बान शान माने जाने वाली गौरा बाघ के चार बच्चे थे, जिनके जंगल में विचरण करते अनेकों वीडियो वायरल हुए। जंगल के आने वाले भविष्य पर खुशी जाहिर करते जानकार बड़े प्रश्नचित्त होकर बयान दिया करते थे कि बाघ का कुनबा बढ़ रहा है। इस बात को लेकर खुशी का ठिकाना नहीं था, किंतु विगत पांच दिनों से जंगल में सन्नाटा छाया हुआ है।डेढ़ माह से लापता है गौरा विगत डेढ़ माह पूर्व गौरा को अपने बच्चों के साथ देखा गया था, उसका इलाका बड़ा सीमित था। बच्चे छोटे होने के कारण ज्यादा समय वह अपने बच्चों को नहीं छोड़ा करती थी, उसके लापता होने से अब बच्चों की हालत खराब होती जा रही हैं। हाल ही में 12 मार्च को गौरा के तीन बच्चों का वीडियो सोनेवानी वन्य जीव सुरक्षा समिति के ग्रुप में डाला गया। जैसा कि विगत महिनों में बाघ नष्ट किए जाने वाला फोटो आया था, तत्काल संज्ञान लिया गया, तो पता चला कि गौरा के ही बच्चे हैं, पर एक बच्चा और गौरा का कही कोई अता पता नहीं है।सोता रहा वन विभाग, बिछड़ गए बच्चे जानकारों की माने तो चार बच्चों को लेकर जंगल के सीमित भाग में विचरण करने वाली गौरा मादा बाघ की लगातार मानिटरिंग होनी थी, उसके प्रतिदिन के मूवमेंट पर नजर रखी जानी थी। बल्कि उन क्षेत्रों में कैमरा ट्रैप लगाए जाने थे, उनकी लगभग हर पल की जानकारी विभाग को होनी थी। किंतु ऐसा नहीं हुआ, बल्कि पर्यटकों की जा रही गाड़ियां ही विभाग को सूचित किया करती थी। वही आधार लालबर्रा वन परिक्षेत्र के लिए सूचना का माध्यम था, ऐसी जानकारी मिल रही हैं। मॉ से बच्चे कब दूर हो गए, किसी को कोई जानकारी नहीं हैं। वहीं उन्हें ये तक नहीं पता कि गौरा ओर उसका एक बच्चा कहॉ लापता हो गया है। यह वन विभाग लालबर्रा की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है। जिससे यह प्रतीत होता है कि बाघ संरक्षण और उनके विषय में अनभिज्ञ होकर अप्रशिक्षित लोगों द्वारा बाघ मानिटरिंग का ढोंग किया जा रहा है।

**जानकारी मिलने पर पहुंचे थे डीएफओ**

सूत्रों की माने तो नवागत डीएफओ नित्यानंथनम शनिवार को लालबर्रा के नवेगांव पहुंचे थे। कुछ देर रहकर उन्होंने दिशा निर्देश प्रदान किया, तत्पश्चात वे चले गए। विभाग के कुछ जानकारों की माने, तो नवागत डीएफओ वाइल्ड लाइफ को लेकर संवेदनशील हैं। हाल ही में विभाग की विकलांगता को देखकर साजो सामान और विभाग के कर्मचारियों के लिए संसाधन जुटा रहे हैं, जो उन्हें जंगल में सहायता प्रदान करेंगे। बावजूद उनकी नाक के नीचे से एक वयस्क बाघ और उसका बच्चा लापता हो गया। सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि जो तीन बच्चे दिखाई दे रहे थे, उनमें फिलहाल दो ही बच्चे विभाग की नजरों में हैं, तीसरा बच्चा भी हाल फिलहाल में दिखाई नहीं दे रहा हैं, जो चिंता से कही बढक़र है।

### लालबर्रा वन विभाग के दामन में लग सकता है दूसरा बड़ा दाग

**लालबर्रा वन विभाग में आज भी है वहीं स्टाफ, जिसके कार्यकाल में जलाकर नष्ट किया गया था बाघ**

ज्ञात हो कि लालबर्रा वन परिक्षेत्र अंतर्गत बाघ को जलाकर नष्ट किए जाने का मामला प्रदेश भर में सुर्खियों में रहा था। बीट गार्ड, डिप्टी रेंजर बर्खास्त हुए थे, किंतु ठीक से कुछ माह भी नहीं गुजर पाए है कि फिर एक बाघ के लापता होने की सूचना प्राप्त हो रही है। सोनेवानी वन्य जीव सुरक्षा समिति के चलते उजागर हुए जलाकर नष्ट किए गए बाघ कांड की पोल खुली थी। वही इस लापता गौरा बाघ के विषय में भी सर्वप्रथम सूचना वन विभाग को उक्त समिति द्वारा ही प्रदान की गई। चूंकि इस बाघ सहित विभिन्न वन्य जीव की सुरक्षा संरक्षण हेतु निर्मित इस संस्था का यही कार्य है। समिति द्वारा पूर्व के कांड में डीएफओ और लालबर्रा के स्टाफ पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए बदलने की मांग रखी गई थी, किंतु डीएफओ अधर गुप्ता भर को हटाया गया, पर लालबर्रा वन विभाग का पूरा स्टाफ आज भी वही है और पुनः आज एक बाघ अपने बच्चे के साथ लापता है।

**खबर संक्षेप**

### नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित परीक्षा में सम्मिलित हुए 15344 नवसाक्षर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर सह जिला मिशन संचालक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह जिला परियोजना संचालक के कुशल निर्देशन में नवसाक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा जिले के आठ विकासखण्डों में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में निर्धारित केन्द्रों पर सफलता पूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा हेतु जिले में 1347 परीक्षा केन्द्र बनाए गये थे। विकासखण्डो से प्राप्त जानकारी अनुसार परीक्षा में 15344 नवसाक्षर महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए। परीक्षा के सुचारु रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिला, विकासखण्ड, संकुल एवं जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर मॉनिटरिंग दलों द्वारा परीक्षा केन्द्रों की सघन मॉनिटरिंग की गई। परीक्षा में महिलाओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। परीक्षा हेतु नवसाक्षरों से गॉव-गॉव में संपर्क करते हुए परीक्षा देने हेतु आमंत्रित किया गया। नवभारत साक्षरता परीक्षा के सफल संचालन हेतु समस्त वोलंटियर (अक्षरसाथी) संकुल सह समन्वयक, विकासखंड सह समन्वयक, शिक्षक, प्राचार्य, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी, जनशिक्षक, बीएसी एवं बीआरसीसी का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

### राज्य शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मप्र के स्कूलों में 25-30 वर्षो से शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षक क्रो अब अपनी नौकरी बचाने के लिये शिक्षक पात्रता परीक्षा देनी होंगी शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिये शिक्षक पात्रतापरीक्षा ( टीईटी ) अनिवार्य किया गया है। जबकि अधिनियम लागु होने से पहले शिक्षक शासन की भर्ती प्रक्रिया क्रो पूर्ण करके ही नौकरी में आये है। राज्य शिक्षक संघ की और से जारी विग्यप्ति में जिला सचिव राकेश दुबे ने बताया की लोक शिक्षण संचालणालय भोपाल के एक आदेश के अनुसार जिन शिक्षकों ने अश्वअ उत्तीर्ण नहीं की है उन्हें आगामी जुलाई /अगस्त महीने में परीक्षा में शामिल होना होगा। इस संबंध में राज्य शिक्षक संघ की जिला इकाई की बैठक सिबनी में आयोजित की और अश्वअ परीक्षा के विरोध में सरकार से लेकर माननीय उच्चतम न्यायालय तक संघर्ष की तैयारी का आह्वान किया गया। इस संबंध में आगामी 19 मार्च क्रो भोपाल में होने वाली बैठक में प्रांतीय कार्यक्रम का निर्धारित किया जायेगा। बैठक में जिला स्तर पर सयुंक्त रूप से ज्ञापन /कार्यक्रम किये जाने की बात की गई। आगामी दिनों में विद्यायक/ सांसदों और जिला प्रशासन क्रो ज्ञापन देने की बात की गई। आगामी 18 मार्च क्रो ब्लॉक स्तर पर और 24 मार्च क्रो जिला स्तर पर सयुंक्त रूप से जिला प्रशासन क्रो ज्ञापन सौपा जायेगा।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नवनीत मेहरा डेहरिया समाज समिति, जिला सिवनी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता डेहरिया जी की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी एवं माता सावित्री बाई फुले जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन महिला सचिव श्रीमती किरण डेहरिया जी द्वारा किया गया। उन्होंने अपनी कुशल वाणी और संचालन कला से पूरे कार्यक्रम में एक विशेष ऊर्जा और आकर्षण बनाए रखा। इस अवसर पर श्रीमती देवी डेहरिया जी द्वारा मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम की शुरुआत को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें नृत्य, गीत एवं अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता डेहरिया ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा, महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समानता।

**लखनादौन जनपद की धनककड़ी पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप**

# सामुदायिक शौचालय की राशि निकली एक साल पहले लेकिन निर्माण शुरू नहीं

**लखनादौन जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धनककड़ी में सामुदायिक शौचालय निर्माण को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

ग्रामवासियों का आरोप है कि पंचायत द्वारा सामुदायिक शौचालय निर्माण के नाम पर लगभग एक वर्ष पूर्व राशि तो निकाल ली गई, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत धनककड़ी में दिनांक 10 मार्च 2025 को सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए 99,500 रुपये की राशि पंचायत द्वारा आहरित कर ली गई थी। आरोप है कि राशि निकाले जाने के बावजूद आज तक निर्माण स्थल पर एक भी ईंट नहीं जुड़ी है और न ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य दिखाई देता है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण के लिए राशि खर्च की गई है तो सामग्री आखिर कहां है। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो निर्माण कार्य शुरू हुआ और न ही किसी प्रकार की सामग्री पंचायत में दिखाई दे रही है। इससे यह संदेह भी व्यक्त किया जा रहा है कि कहीं सामग्री खरीदे बिना ही बिल लगाकर राशि का बंदरबांट तो नहीं कर लिया गया।

स्थानीय लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि निर्माण कार्य की निगरानी करने वाले संबंधित अधिकारी और इंजीनियरों की भूमिका क्या रही।

यदि राशि जारी हुई और भुगतान भी हो गया तो निर्माण कार्य अब तक शुरू क्यों नहीं हुआ। ग्रामीणों के अनुसार यह मामला पंचायत स्तर पर बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिव की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में अनियमितताओं का सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

बताया जाता है कि उस समय लखनादौन के एसडीएम स्वयं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के प्रभार में थे, ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि इतनी बड़ी लापरवाही अधिकारियों की निगरानी में कैसे हो गई।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे।

# अवैध शराब के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, ग्रामीणों ने बंडोल थाना घेरा

सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा सामने आया। कलारबाकी क्षेत्र के लगभग 8 से 10 गांवों के सैकड़ों महिला-पुरुष बंडोल थाना पहुंचे और अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग करते हुए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के कई गांवों में लंबे समय से देशी और कच्ची शराब खुलेआम बेची जा रही है। उनके अनुसार, प्रत्येक गांव में 3 से 4 स्थानों पर अवैध रूप से शराब बिक रही है, जिससे सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। शराब के कारण गांवों में आए दिन झगड़े, गाली-गलौज और विवाद की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे महिलाओं और परिवारों को विशेष परेशानी हो रही है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि अवैध शराब बेचने वालों को कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण यह कारोबार बेखौफ जारी है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि शराब के कारण परिवारों में तनाव बढ़ रहा है और कई घरों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। उनका कहना था कि मजदूरी करने वाले लोग अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा शराब पर खर्च कर देते हैं, जिससे घर-परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाए और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अवैध शराब का कारोबार बंद नहीं कराया गया, तो वे बड़ा जन आंदोलन करेंगे। इस संबंध में बंडोल थाना प्रभारी मनोज जंघेला ने बताया कि अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर कुछ ग्रामीण थाना आए थे और उन्होंने ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और यदि कहीं अवैध शराब की बिक्री पाई जाती है, तो संबंधित लोगों केखिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 22 वर्षीय बालक की करेंट से मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला अंतर्गत पुलिस थाना उगली क्षेत्र के निकट ग्राम मोहबर्रा में गत दिवस सुबह के समय अनूप पिता बालचंद तुरकर जो ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे मुनगा के पेड़ में मुनगा तोड़ने चढ़ा हुआ था, पेड़ की टहनी सड़क के निकट 33 केवी बिजली के तार से टच होने के बाद उक्त युवक बिजली करंट की चपेट में आ गया, प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार यह भीषण दुर्घटना के बाद घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की केवलारी रेफर किया गया, जहां पर चिकित्सकों के द्वारा उक्त युवक को मृत घोषित कर दिया गया, और मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की गई,, तरह-तरह की चर्चाएं क्षेत्र में व्याप्त हैं बिजली प्रबंधन को लेकर युवक की मौत का कारण दूसरी तरफ मूनगा के पेड़,जामुन के पेड़ और ऐसे पेड़ों पर रिस्क लेते हुए चढ़ जाते हैं, जो बहुत नाजुक होते हैं, अतः इस हादसे में युवक की मौत से बिजली प्रबंधन की गंभीर लापरवाही उजागर हुई है, प्रबंधन को चाहिए कि समय-समय पर जहां से भी बिजली के तार गुजरे हैं, उनके निकट अगर कोई पेड़ पौधे हैं तो उनकी समय पर कांट छाठ की जानी चाहिए, अक्सर यह देखा जाता है,कि ग्रामीण अंचलों में बिना किसी कनेक्शन के ग्रामीण अंचलों में डायरेक्ट बिजली सप्लाई लेकर उपभोक्ता बिजली का उपयोग भी करते हैं. इनका कहना है, उप यंत्री कनिष्ठ अभियंता,जे एल धुर्वे बिजली विभाग उगली उगली का निकट मोहबर्रा में मुनगा के पेड के निकट सड़क किनारे बिजली के तार के समीप एक युवक की करंट लगने से घटना के बाद हम लोग पहुंचे करंट की चपेट में युवक की झुलसने के कारण गंभीर अवस्था में केवलारी रेफर किया गया जहां चिकित्सकों द्वारा युवक को मृत घोषित किया गया, हमारे पास में स्टाफ की कमी है, और कार्य क्षेत्र बड़ा है, जिसको लेकर उच्च अधिकारियों को सूचना दी है, फिलहाल यह दुर्घटना बिजली के तार की वजह से ही हुई है जो सत्य है।



### टेंट पंडाल लगाते समय करेंट से युवक की मौत

**घंसौर।** ग्राम सुनवारा मे विशाल ठाकुर टेंट हाउस आमाकोला से सुनवारा मे टेंट पंडाल लगाने आए मजदूर रितेश धुर्वे उम्र 22 वर्ष की बिना सेप्टी के बिजली कनैक्शन करने के दौरान करेंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई पिता राधेश्याम धुर्वे के बताए अनुसार कहा गया की मेरे बेटा मजदूरी करने आया था को करेंट की चपेट मैं आकर मृत्यु हो गई पर अभी तक कार्यवाही नहीं की

# ऑटो ने रेलवे फाटक को तोड़ा हुआ क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

छिंदवाड़ा रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर रविवार रात ओवरलोड ऑटो रेलवे फाटक के बैरियर से टकरा गई। घटना के कारण करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा और सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रविवार रात नैनपुर-छिंदवाड़ा पैसेंजर ट्रेन के सिवनी से गुजरने के दौरान रेलवे फाटक का बैरियर बंद किया गया था। ट्रेन के निकलने के बाद जब बैरियर खोला जा रहा था, तभी गलत दिशा से आ रही एक ओवरलोड ऑटो अचानक उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रेलवे गेट का बैरियर मुडक़र क्षतिग्रस्त हो गया।

बैरियर क्षतिग्रस्त होने के कारण फाटक को पूरी तरह से नहीं खोला जा सका, जिससे मार्ग पर यातायात रुक गया। देखते ही देखते सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को लगभग एक घंटे तक जाम का सामना करना पड़ा।आधे घंटे की मशक्कत के बाद बैरियर ठीक हुआ

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस के सब-इंस्पेक्टर बी.के. सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों के साथ मिलकर तत्काल बैरियर की मरम्मत का काम शुरू कराया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद बैरियर को अस्थायी रूप से ठीक कर मार्ग को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया, जिसके बाद धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हुई।



**ब्रिज निर्माण के कारण फाटक पर बढ़ा ट्रैफिक**

बताया गया है कि इन दिनों नागपुर-जबलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते छिंदवाड़ा रोड रेलवे फाटक पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है। इस कारण फाटक बंद होने पर अक्सर लंबा जाम लग जाता है, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। ऑटो चालक के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों ने ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई कीमांग की है।

# बिना सक्षम अनुमति नलकूप उत्खनन पाए जाने पर होगी कार्यवाही -कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।**



कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी एसडीएम को ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जारी जल अभावग्रस्त आदेश के तहत बिना सक्षम अनुमति के नलकूप उत्खनन होना पाये जाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को दल गठित कर नियमित निरीक्षण करने तथा उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जल स्त्रोतों के साथ ही नल-जल योजनाओं में लगाए गए अनाधिकृत पंपों को भी जब्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए सतत अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने नरवाई प्रबंधन को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को नरवाई प्रबंधन में उपयोगी कृषि उपकरणों एवं अन्य वैकल्पिक उपायों की जानकारी देने के लिए कृषि विभाग को सक्रिय रूप से कार्य करने को कहा। साथ ही हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित कर एसएमएस उपकरण का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से जाति प्रमाण पत्र तथा संबल योजना से संबंधित आवेदनों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर 15 वर्ष में प्रवेश कर चुकी सभी बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित करने तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए शासन द्वारा उपलब्ध निशुल्क टीकाकरण के संबंध में पालकों की काउंसलिंग करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग को दिए।

उन्होंने पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की गति बढ़ाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की विभागवार तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जनगणना 2026 की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए कि अनुभागवार जनगणना पोर्टल में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की प्रविष्टि समय-सीमा में पूर्ण की जाए तथा उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि जनगणना कार्य सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके।

उन्होंने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा अन्य जन-अवेदनों पर त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संकल्प समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत सहकारिता योजनाओं की भव्य प्रदर्शनी आयोजित

**सिवनी।** संकल्प समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी एवं सहकारिता विभाग सिवनी के तत्वावधान में जनपद पंचायत प्रांगण सिवनी में सहकारिता आंदोलन के प्रचार-प्रसार हेतु भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों एवं सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारियां प्रदर्शित की गईं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों एवं आम नागरिकों को सहकारी संस्थाओं की भूमिका तथा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी के प्रबंधक श्री पी.के. सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाना तथा किसानों और आम नागरिकों को सहकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित करना है।



इस अवसर पर सहकारिता विभाग के अंकेक्षक अधिकारी एन.डी. कटरे सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सहकारिता के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया।

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

जिले में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिवनी में हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले मुख्य रूप से उपस्थित रहीं और प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित किया।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक होती है। इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्वयंसेवी संगठनों को आपदा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारी और कौशल का प्रशिक्षण दिया जाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से आपदा के समय प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जा सकते हैं।

उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल सभी प्रतिभागियों से गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और प्राप्त जानकारी का उपयोग आपदा की स्थिति में जनहित में करने की अपील की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में 16 से 20 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगा, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन तथा ध्वस्त संरचनाओं में खोज एवं बचाव विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है।प्रशिक्षण में शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्य, महाविद्यालयों के प्राध्यापक, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय निकायों के अधिकारी, जनपद पंचायतों के सचिव, पटवारी, कोटवार, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सेवानिवृत्त सैनिक, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा, रेडक्रॉस एवं अन्य स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

**घरेलू गैस सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग को लेकर लगातार कार्यवाही जारी**

# 19 प्रतिष्ठानों से जप्त हुए 34 घरेलू गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के विभिन्न अनुभागों में गठित दल द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जिसमें 19 प्रतिष्ठानों क्रमशः दिनांक 13 मार्च को लखनादौन अंतर्गत दीक्षित किराना स्टोर से 02 सिलेंडर, 14 मार्च को सिवनी अंतर्गत सॉई रेसिडेंसी से 02 सिलेंडर एवं अग्रोहा मेरिज लॉन से 01 सिलेंडर एवं महालक्ष्मी चाट भंडार से 02 सिलेंडर जप्त किए गए हैं।

इसी क्रम में दिनांक 15 मार्च को केवलारी अंतर्गत चक्रवर्ती भोजनालय पिपरिया से 01 सिलेंडर, साबिर भोजनालय नागाबाबा घंसौर से 01 सिलेंडर,पप्पू होटल पलारी से 02 सिलेंडर,साहू होटल पलारी से 03 सिलेंडर, सुनील होटल पलारी से 01 सिलेंडर,मधुबन होटल से 01 सिलेंडर, सुकून वैली होटल मोहबर्रा से 02 सिलेंडर तथा पटेल ढाबा रेस्टारेंट बोथिया से 01 सिलेंडर जप्त किए गए हैं। वही कुरई अंतर्गत प्रजापति ढाबा पचधार से 05 सिलेंडर, हरियाणा ढाबा से 01 सिलेंडर, पंजाब ढाबा पिपरिया से 01 सिलेंडर, एवं बीकानेर रेस्टारेंट कोदाझिरी से 05 सिलेंडर तथा बरघाट अंतर्गत श्री गुरुकृपा रेस्टारेंट बस स्टेंड से 01 सिलेंडर जप्त किया गया है। उन्होंने बताया दल द्वारा सोमवार 16 मार्च को केवलारी अंतर्गत पटेल ढाबा से 01 सिलेंडर, पटेल ढाबा केवलारी से 01 सिलेंडर एवं विजय जंघेला अंडे की दुकान से 01 सिलेंडर इस प्रकार कुल 34 सिलेंडर जप्त कर मप्र द्रविकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही कार्यवाही की गई। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग न करें। ऐसा पाए जाने पर नियंत्रण आदेश के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।



# ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा, एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन फरार आरोपियो की धरपकड कर विशेष अभियान चलाकर थाना बंडोल पुलिस व्दारा तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। थाना बंडोल के अपराध क्रमांक 16/26 धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस (उदघोषित ईनाम 3000/-रूपये) एवं अप.क्र.429/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस (उदघोषित ईनाम 2000/-रूपये) कुल 5000/- का उदघोषित फरार आरोपी विकाश डेहरिया जिसका थाना अरी में अप.क्र.174/22 धारा 379 ताहि, थाना लखनवाडा में अप क्र.273/22 धारा 379 ताहि एवं थाना डूण्डा सिवनी में अप.क्र.273/22 धारा 379 ताहि अप.क्र.485/22, अप.क्र.486/22 धारा 457,380,411,201 ताहि का पंजीबद्ध है। उक्त आरोपी थाना डूण्डा सिवनी का निगरानी बदमाश है और आदतन चोरी का अपराधी है। जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिवनी में पेश कर जेल दाखिल कराया गया।

### नपा अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया एवं पार्षदों ने किया भीमगढ डैम का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने निकाय के पार्षदगण एवं अधिकारियों के साथ भीमगढ डैम सुआखेड़ा इंटकवेल का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त क्षेत्र के किसानों द्वारा डैम क्षेत्र में अवैध रूप से खेती की जा रही है साथ ही डैम के दोनो पाट पर हजारों किसानों द्वारा मोटर पंप लगाकर खेतों में सिंचाई का कार्य किया जा रहा है। जिसे संज्ञान में लेते हुए इन पर रोक लगाने के लिये नगर पालिका अध्यक्ष, कलेक्टर महोदय को भी इस संबंध में अवगत करायेंगे। साथ ही अध्यक्ष महोदय ने पार्षदों से चर्चा कर निर्णय लिया कि एमपीईबी सिंचाई विभाग एवं नगर पालिका सिवनी द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध रूप से मोटर पंप चलाकर डैम का पानी लेने वाले नागरिकों को रोकने का प्रयास किया जावेगा।

### जिला स्तरीय रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 18 मार्च को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया कि शासन के आदेशानुसार कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं और युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोडने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 18 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आई टी आई में आयोजित होगा। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जायेंगे। आयोजित मेले में ट्रेनी मशीन ऑपरेटर सुरक्षा गार्ड सुपरवाइजर बीमा एजेंट सेल्स एग्जीक्यूटिव कॉल सेंटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जाएगी तथा स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे आवेदक जो कक्षा 8वीं 10वीं 12वीं आईटीआई या स्नातक उत्तीर्ण हैं वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र आधार कार्ड रोजगार पंजीयन अंकसूची तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ मेले में उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयोजित मेले में सहभागिता करने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में 07 दिवसीय "वेस्ट टू वेल्थ" कार्यक्रम का हुआ आयोजन



शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के मार्गदर्शन में 9 मार्च 2026 से 17 मार्च 2026 तक सात दिवसीय "वेस्ट टू वेल्थ" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को घरेलू अपशिष्ट सामग्री का पुनः उपयोग कर उपयोगी एवं सजावटी वस्तुएँ बनाना सिखाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं को पॉलिथीन, न्यूजपेपर, पुरानी झाड़, कार्टून, वेस्ट थर्मोकोल, प्लास्टिक बॉटल, दवाइयों के रैपर आदि बेकार सामग्री से घर और कक्षा की आंतरिक सजावट के लिए आकर्षक वस्तुएँ बनाना सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रचनात्मकता विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस गतिविधि में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई-नई चीजें सीखने में गहरी रुचि दिखाई। कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें यह संदेश दिया जा रहा है कि बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं का सही उपयोग कर उन्हें उपयोगी और सुंदर बनाया जा सकता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलता है।

### चना उपार्जन के लिए 2489 किसानों का हुआ पंजीयन

समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए जिले के किसानों के लिए 16 मार्च तक की तिथि निर्धारित की गई थी। अंतिम तिथि तक चना उपार्जन के लिए जिले के 2489 किसानों ने अपना पंजीयन करा लिया है। इनमें लालबर्रा तहसील के 956, कटंगी के 207, बिरसा के 49, परसवाड़ा के 13, वारासिवनी के 130, खैरलांजी के 618, बालाघाट के 309, बैहर के 17, किरनापुर के 175 और लांजी के 15 किसान शामिल हैं। किसानों से चना की खरीदी 5875 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। समर्थन मूल्य पर चना विक्रय करने वाले किसानों का सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

### 20 मार्च पंजीयन की अंतिम तिथि, 6200 के भाव से होगी खरीदी

प्रदेश सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में सोयाबीन की तरह सरसों की खरीदी भावांतर योजना में करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बालाघाट जिले में भी किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। भावांतर योजना में समर्थन मूल्य पर सरसों विक्रय के लिए 20 मार्च तक किसानों का पंजीयन किया जाएगा। भावांतर योजना में सरसो विक्रय के लिए बालाघाट जिले के 1945 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। सरसो की खरीदी 6200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। सरसों विक्रय के लिए लालबर्रा तहसील के 221, कटंगी के 455, बिरसा के 16, परसवाड़ा के 36, वारासिवनी के 453, खैरलांजी के 469, बालाघाट के 167, बैहर के 4, किरनापुर के 67, तिरोड़ी के 51 और लांजी के 06 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### जिला पंचायत की संचार एवं संकर्म समिति की बैठक 18 मार्च को

जिला पंचायत की संचार एवं संकर्म समिति की बैठक 18 मार्च को दोपहर 01 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले में संचालित निर्माण कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, 5वें एवं 15वें वित्त आयोग के तहत ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, अवसंरचना एवं राज्य आयोजना, राज्य वित्त और अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा होगी। साथ ही प्रधानमंत्री कृषि विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग (पीआईयू), आदिवासी विकास विभाग, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा वन विभाग के कैम्प मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

# टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा

16 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।



### जिले में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग रोकने के निर्देश

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री मीना ने जिला आपूर्ति अधिकारी से जिले में उपलब्ध एलपीजी गैस सिलेण्डर की जानकारी ली और निर्देशित किया कि घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग रोकने के लिए जिले में निरंतर जांच की जाए। इस दौरान बताया गया कि जिले में पर्याप्त संख्या में भरे हुए एलपीजी गैस सिलेण्डर उपलब्ध है और उनकी आपूर्ति नियमित रूप से हो रही है। घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग किये जाने पर होटल, रेस्टारेंट आदि का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह में 283 सिलेण्डर जब्त किये गए है। कलेक्टर श्री मीना ने आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में कहीं पर भी गैस सिलेण्डर के लिए उपभोक्ताओं को लाईन लगाने की जरूरत नही पडना चाहिए, इसके लिए व्यापक इंतजाम किये जाए।

### पंजीकृत किसानों व व्यापारियों के स्टॉक का जल्द करें सत्यापन

बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना एवं भावांतर योजना में सरसो की खरीदी की तैयारी के संबंध में आपूर्ति अधिकारी एवं उपसंचालक कृषि से जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूँ, चना एवं सरसो उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों का शीघ्रता से सत्यापन किया जाए। सरसो की भावांतर योजना में खरीदी की जाना है अतः इसके लिए व्यापारियों के स्टॉक का सत्यापन शीघ्रता से किया जाए और नियमित रूप से उनके स्टॉक पर निगरानी रखी जाए। इस दौरान बताया गया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी 07 अप्रैल से प्रारंभ होगी। अब तक 50 प्रतिशत पंजीकृत किसानों का सत्यापन किया जा चुका है। चना एवं सरसो उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है।

### श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों का पंजीयन कराने के निर्देश

कलेक्टर श्री मीना ने श्रम पदाधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों का शीघ्रता से पंजीयन किया जाए और समय सीमा में इसकी लक्ष्य पूर्ति की जाए। इस दौरान बताया गया कि नगरीय क्षेत्रों में श्रमयोगी मानधन योजना में पंजीयन का लक्ष्य लगभग पूर्ण हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीयन की कार्यवाही जारी है।

एचपीवी टीकाकरण के अभिभावकों में लाए जागरूकता

महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 20 मार्च तक टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण करने का प्रयास करें। बालिकाओं के अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक करें और बताए कि यही टीका प्रायवेट अस्पतालों में 04 हजार रुपए में लगाया जाता है, लेकिन शासन द्वारा बालिकाओं को यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है।

### नए शिक्षा सत्र से पहले सभी पात्र बच्चों का स्कूलों में पंजीयन करें सुनिश्चित

कलेक्टर श्री मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया कि 24 मार्च से प्रारंभ हो रहें नये शिक्षा सत्र के पूर्व सभी पात्र बच्चों का शालाओं में पंजीयन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आंगनवाडी केंद्रो के 03 से 06 वर्ष आयु के सभी बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए पंजीयन कराए। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि लोक कल्याण सरोवर का कार्य सडक निर्माण करने वाले ठेकेदारों से शीघ्र पूर्ण कराए।

### 50 दिन से अधिक की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण

बैठक में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की गई और 50 दिन से अधिक की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने कहा गया। सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने क्षेत्र में सभी आवश्यक कदम उठाए।

# खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने की छापामार कार्रवाई



### चिल्लौद में गैस गोदाम से 232 सिलेंडर जब्त

खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने 14 मार्च 2026 को चिल्लौद स्थित अली गो-गैस एजेंसी के गो-गैस गोदाम पर छापामार कार्रवाई की। यह कार्रवाई जिला आपूर्ति अधिकारी रविकांत ठाकुर के नेतृत्व में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार एवं आकाश श्रीवास्तव की उपस्थिति में की गई।जांच के दौरान गोदाम की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। गोदाम की छत क्षतिग्रस्त थी तथा गैस सिलेंडरों के भंडारण के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था भी मौजूद नहीं थी। निरीक्षण में पाया गया कि गोदाम में अग्निशामक यंत्र की वैधता समाप्त हो चुकी थी और रेत की बाल्टियां सहित अन्य जरूरी सुरक्षा इंतजाम भी उपलब्ध नहीं थे। इसके अलावा मौके पर विस्फोटक लाइसेंस, एनओसी, स्टॉक बोर्ड तथा गैस सिलेंडरों से संबंधित संधारित अभिलेख भी उपलब्ध नहीं पाए गए, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

जांच के दौरान गोदाम में रखे 202 खाली गैस सिलेंडर और 30 भरे गैस सिलेंडर जब्त किए गए। सभी सिलेंडरों का पंचनामा तैयार कर उन्हें आगामी आदेश तक ॐ श्री माँ इंडेन, वारासिवनी की सुपुर्दगी में दे दिया गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# 19 मार्च को जिला मुख्यालय में होगा सूर्य उपासना कार्यक्रम, सम्राट विक्रमादित्य नाट्य प्रस्तुति का मंचन

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ अवसर पर 19 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे जिला मुख्यालय में "सूर्य उपासना कार्यक्रम" का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल से जारी पत्र के अनुसार जिला स्तर पर कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत "सम्राट विक्रमादित्य" विषय पर नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। इसके लिए संस्कृति विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल द्वारा नाट्य एवं कला दल जिला मुख्यालयों में भेजे जाएंगे। आयोजन स्थल पर प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था के साथ-साथ नाट्य दल के आवास और भोजन की व्यवस्था भी जिला स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा प्रमुख मंदिरों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर ब्रह्मध्वज की स्थापना भी की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं, विद्यार्थियों, गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम के आयोजन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी नूतन कला निकेतन, बालाघाट को चयनित किया गया है। इस आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित करते हुए आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सके।

## संचेती फाउंडेशन और एचसीएल मलाजखंड ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

प्री-प्रायमरी स्कूल की बालिकाओं के लिए डेस्क-बेंच प्रदान की बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसा में संचेती फाउंडेशन मलाजखंड की ओर से प्री-प्रायमरी कक्षा की बालिकाओं के लिए डेस्क और बेंच उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल से नन्हीं बालिकाओं को बेहतर और सुविधाजनक वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा।वर्तमान



में संचेती फाउंडेशन मलाजखंड क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा और विकास के कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रही है। इसी क्रम में एचसीएल कंपनी मलाजखंड के प्रबंधक और उनकी सहयोगी टीम द्वारा विद्यालय की बच्चियों को नई दिशा की ओर बढ़ाने के उद्देश्य से यह सहयोग प्रदान किया गया है।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कामडे, प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका सुजाता बंसोड़ सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने फाउंडेशन और कंपनी के इस सहयोग की सराहना की। विद्यालय परिवार की ओर से संचेती फाउंडेशन एवं एचसीएल कंपनी मलाजखंड के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही उम्मीद जताई गई कि भविष्य में भी कंपनी इसी प्रकार बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और विद्यालयों के विकास में सहयोग प्रदान करती रहेगी।

# स्वच्छ भारत अभियान से बदली जीवनशैली, शौचालय निर्माण से मिली सम्मानजनक जिंदगी

जनपद पंचायत बैहर अंतर्गत ग्राम पंचायत मोवाला के ग्राम रजमा निवासी श्री संदीप टेकाम पिता – अर्जुन सिंह टेकाम के परिवार के जीवन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने शौचालय ने बड़ा सकारात्मक बदलाव लाया है। वर्ष 2024-25 में इस योजना के अंतर्गत उन्हें शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई, जिससे उनके घर में शौचालय का निर्माण संभव हो सका। संदीप टेकाम अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं और एक किसान के रूप में कार्य करते हैं। पहले उनका परिवार खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर था, जिससे खासकर बरसात के मौसम में काफी परेशानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ता था। कई बार रिश्तेदारों के आने पर भी असुविधा महसूस होती थी और परिवार को शर्मिंदगी झेलनी पड़ती थी। शौचालय निर्माण के बाद अब परिवार को स्वच्छता और सुरक्षा दोनों का लाभ मिल रहा है। संदीप टेकाम ने बताया कि



अब उन्हें और उनके परिवार को खुले में शौच जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे बीमारियों का खतरा भी कम हुआ है और परिवार की गरिमा बनी हुई है।संदीप टेकाम का परिवार अन्य शासकीय योजनाओं का भी लाभ ले रहा है। उनकी पत्नी को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रति माह 1250 रुपये की सहायता मिल रही है, वहीं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रति माह 10 किलो मुफ्त राशन भी प्राप्त हो रहा है। साथ ही परिवार का आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है, जिससे जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकता है। संदीप टेकाम ने केंद्र एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाएं ग्रामीण परिवारों के जीवन में सम्मान और स्वच्छता लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं।

## वारी मंदिर के पास पहाड़ी में मिला युवक का रहस्यमय शव, क्षेत्र में सनसनी

*लांजी।* बहेला थाना क्षेत्र अंतर्गत वारी मंदिर से कुछ दूरी पर पहाड़ी के समीप एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। 6 मार्च सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे कोटवार द्वारा बहेला पुलिस को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में शव करीब दो दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा की गई शिनाख्त में मृतक की पहचान चूरन गिर जोगी (33 वर्ष) पिता गिरवर गिर जोगी निवासी बेमेतरा (छत्तीसगढ़) के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं।एसआई रामासिंह नर्रे ने बताया कि पुलिस ने जब शव की तलाशी ली तो मृतक की जेब से आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मिर्च पाउडर और एक सामान्य चाकू बरामद हुआ। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान सुनिश्चित की गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। बताया जा रहा है कि मृतक के जीजा सुनील वर्मा और भांजा सुलेश्वर वर्मा मौके के लिए रवाना हो चुके हैं।घटनास्थल से कुछ दूरी पर नहर के पुल पर मृतक की मोटरसाइकिल लावारिस हालत में खड़ी मिली है, जिससे मामले को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक यहां कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-बिठली (उ)**
**जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)**

**// नीलामी सूचना वित्तीय वर्ष 2026-27//**

क्रमांक / क्यू / 2026 — दिनांक 14.03.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है दिनांक 20/03/2026 दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से साप्ताहिक बैठकी बाजार की नीलामी की जाना है। इच्छुक बोलीदार ग्राम पंचायत बिटली उ. के कार्यालयीन समय में आकर नीलामी शर्तो का अवलोकन कर सकते है।

श्रीमती मालती उइके, सरपंच — प्रदीप हरिन्द्रवार, उपसरपंच — गोविन्दसिंह मर्सकोले, सचिव — कुलदीप अजीत, सहायक सचित

सरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बिटली (उ)

**कार्या. ग्राम पंचायत नाहरवानी जपं बालाघाट, जिला बालाघाट (म.प्र.)**

**// बाजार नीलामी सूचना 2026-2027//**

क्रमांक / क्यू / 2026 — दिनांक 15.03.2026

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नाहरवानी की स्थावर संपत्ति साप्ताहिक बाजार एवं मवेशी पंजीयन ग्राम नाहरवानी, तिलपेवाड़ा/ चचानमेटा की निलामी वर्ष 2026-27 के लिए 27.03.2026 दिन शुक्रवार को समय 12 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में निर्धारित शर्तों के आधार पर किया जाना हैं। निलामी की शर्ते कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती हैं। इच्छुक ठेकेदारे निलामी समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। निलामी की राशि का 25 प्रतिशत निलामी के तुरंत बाद जमा करना अनिवार्य होगा। किसी कारणवश निलामी स्थगित होने पर आगामी तीथि को सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा कर / मुनादी कर दी जावेगी। आवश्यक शर्ते पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

आशीष मड़ावी, सरपंच — श्रीमति दुर्गावती लिल्हारे, उपसरपंच — किशोर दिनेवार, सचिव

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत नाहरवानी

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोदरी,**
**जनपद पंचायत किरनापुर, जिला बालाघाट (म.प्र.)**

**// साप्ताहिक बैठकी बाजार नीलामी सूचना //**

क्रमांक / क्यू / 2026 — दिनांक 12.03.2026

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोदरी अंतर्गत लगने वाले साप्ताहिक बैठकी बाजार, मवेशी पंजीयन, कांजी हाउस की नीलामी ठेका वर्ष 2026-2027 अर्थात 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए दिनांक 16/03/2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत भवन गोदरी मे समय दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। निलामी सूचना ग्राम पंचायत पटल पर देखा जा सकता है।
टीप- 1. अमानत राशि जमा करने का समय 11 बजे से 01 बजे तक रहेगा। बाजार निलामी की कार्यवाही म. प्र. पंचायती राज एवं स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 80 के अधीन रहते ठेका निलामी किया जायेगा।

श्रीमती तनुजा गढ़पाले, सरपंच — भिकूराम मात्रे, उपसरपंच — बलराम कावरे, सचिव — पंकज पांचे, सहायक सचिव

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत गोदरी किरनापुर

**कार्या. ग्राम पंचायत हट्टा, जप बालाघाट**

**// आम सूचना //** (नीलाम 14-03-2026)

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की स्थावर सम्पत्ति साप्ताहिक बैठकी/ मवेशी बाजार, सायकल स्टैंड, दैनिक गुजरी के फीस संग्रहण / पट्टा की नीलामी वर्ष 2026 /27 के लिये 23/03/2026 दिन सोमवार को समय प्रात: 10.30 बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय हट्टा में निर्धारित शर्तो के आधार पर किया जावेगा। नीलामी की शर्ते कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है। ठेके लेने वाले इच्छुक ठेकेदार नीलामी समय पर उपस्थित होकर एवं निर्धारित अमानत राशि 11:30 जमा कर बोली बोल सकते हैं। किन्हीं कारणवश नीलामी स्थगित होने पर आगामी तिथि की सूचना ग्राम पंचायत भवन के सचना पटल पर चस्पा कर / मुनादी कर दी जावेगी।
आवश्यक शर्ते : 1. नीलामी बोली लगाने के पूर्व सुरक्षित कीमत की दस प्रतिशत राशि जमा करनी होगी। 2. बोलीकर्ता द्वारा बोली पूर्व जमा की गई अमानत राशि बोली समाप्ति के पश्चात तक बोलीकर्ता को वापस नहीं की जावेगी 3. नीलामी उपरांत सर्वाधिक बोलीकर्ता / ठेकेदार को पूर्ण राशि निर्धारित तीन किश्तों के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। 4. बोलीकर्ता को पंचायत द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन, बोली लगाने के पूर्व फोटो परिचय पत्र एवं पता हेतु राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी की स्वप्रमाणित छायाप्रति तथा मोबाइल नंबर जमा करना अनिवार्य होगा। टीप :- अन्य शर्ते पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

राजेन्द्र पिछोड़े, सचिव, ग्रा.पं. हट्टा — विरेन्द्र बिसेन, सचिव, ग्रा.पं. हट्टा — उमेश सोनेक, सचिव, ग्रा.पं. हट्टा

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन नशा मुक्ति व स्वास्थ्य जागरूकता पर हुई परिचर्चा

वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत सोमवार 16 मार्च 2026 को छठवें दिवस पर "नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता" विषय पर बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अब्दुश शमिम (सहायक प्राध्यापक) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी के बीएमओ डॉ. खिलेंद्र पाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. प्रियंका पाल, श्री ताम्रध्वज बारमाटे (जनभागीदारी समिति) सहित डॉ. पचेंश्वर, डॉ. मानेश्वर, श्री विजय सुखदेवे, श्री योगेंद्र भगत, श्रीमती संतोषी रावत, श्री सुरेंद्र वड़ीचार और श्री सुरेंद्र भगत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।अतिथियों ने अपने उद्बोधन में नशा मुक्ति और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों और ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।शिविर के दौरान ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी रोहित कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में वीरेंद्र पटले, संयोजक विक्रांत रंधावा, शालिनी मेश्राम, सीखा, आकाश सहित एनएसएस के स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं, ग्राम पंचायत घुबड़गोदी के सदस्य एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।